Jansatta

Pawan urja par bethak bulayi

Date: 17/06/2016 | Edition: Delhi | Page: 10 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 13 H: 5

India Media Monitor

Clip: 1 of 1

पवन ऊर्जा पर बैठक बुलाई

जनसत्ता ब्यूरो

नई दिल्ली, 16 जून। ग्रीन एनर्जी की जरूरतों को पूरा करने में पवन ऊर्जा अहम भूमिका अदा कर सकती है। इसके लिए मोदी सरकार टरबाइन लगाने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन भी दे रही है। यह बात इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित विंड डिस्कशन फोरम में उभर कर आई। इस फोरम का आयोजन वैश्विक पवन दिवस के मौके पर इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, द इंडियन विंड एनर्जी एसोसिएशन और इडम इंफ्रास्ट्रक्चर एडवाइजरी के साथ मिल कर किया था। बैठक की अध्यक्षता प्रमोद देव ने की। अक्षय व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की संयुक्त सचिव वर्षा जोशी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थीं। बैठक में फैसला किया गया कि अगले साल जनवरी में राजधानी में विंडर्जी इंडिया का आयोजन किया जाएगा।